हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–269 : जौनपुर, गुरुवार 03 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी आदित्यनाथ के नामांकन में गोरखपुर आएंगे अमित शाह : धर्मेंद्र प्रधान भी रहेंगे मौजूद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आ रहे हैं। वह शुक्रवार को सदर विधानसभा सीट से अपना नामांकन करेंगे। माना जा रहा है कि नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। गोरखपुरय शहर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिन के चुनावी दौरे पर गुरुवार को गोरखपुर पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह बतौर प्रत्याशी नामांकन तो भरेंगे ही, अलग–अलग वर्ग के मतदाताओं को साधने के साथ–साथ कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी भी सौंपेंगे। इसके लिए कार्यकर्ता से लेकर मतदाता सम्मेलन के आयोजन की तैयारी है। गोरखपुर से रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के क्रम में जनसंपर्क भी करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि योगी आदित्यनाथ के नामांकन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाम भी मौजूद रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे सीएम मुख्यमंत्री गुरुवार की शाम साढ़े तीन बजे गोरखपुर पहुंचेंगे। शहर आगमन के बाद सबसे पहले वह भाजपा के महानगर पदाधिकारियों, विधानसभा प्रभारियों, मंडल पदाधिकारियों , शक्ति केंद्र प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों के बीच होंगे। इसे लेकर निपाल क्लब में आयोजित सम्मेलन में जन प्रतिनिधियों और पार्षदों को भी आमंत्रित किया गया है। वह पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का चुनाव प्रचार अभियान की संपूर्ण जानकारी देंगे और पूरे उत्साह से इसके लिए जुट जाने का आह्वान करेंगे। शुक्रवार को वह 11 बजे कलेक्टरी कचहरी जाकर प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करेंगे। इससे पहले महाराणा प्रताप इंटर कालेज में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व धर्मेंद्र प्रधान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहेंगे। मतदाता जागरूकता सम्मेलन में भी लेंगे भाग शुक्रवार की शाम साढ़े तीन बजे मुख्यमंत्री गोरखपुर क्लब में मतदाता जागरूकता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे। शाम साढ़े चार बजे निपाल क्लब में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन है। शनिवार यानी पांच फरवरी को योगी सुबह 9:40 बजे मोहद्दीपुर गुरुद्वारा पहुंचेगे, जहां सिख समाज के साथ संवाद करेंगे और फिर पांच परिवारों से जनसंपर्क करेंगे। जनसंपर्क के बाद योगी लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। पदाधिकारी सम्मेलन के लिए आरएमडी को भी आमंत्रणय शहर विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद डा. आरएमडी अग्रवाल ने भले भी पार्टी की किसी गतिविधि में हिस्सा नहीं लिया है



लेकिन भाजपा ने उनके सम्मान का पूरा ध्यान रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गुरुवार की शाम निपाल क्लब में आयोजित होने वाले पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सम्मेलन में उन्हें ससम्मान आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण उन्हें महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने फोन से दिया है। हालांकि टिकट कटने के बाद डा. अग्रवाल ने खुद को भाजपा का कार्यकर्ता बताया था लेकिन उसके बाद जब वह संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय नहीं दिखे तो तरह–तरह की कयासबाजी शुरू हो गई, जो अब भी जारी है। अगर वह गुरुवार के सम्मेलन में मौजूद रहते हैं तो ऐसी सभी कयासबाजी पर विराम लग जाएगा। योगी का नामांकन कराने आएंगे गृह मंत्री अमित शाह शहर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी योगी आदित्यनाथ चार फरवरी यानी शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र भरेंगे। उनका नामांकन कराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गोरखपुर आ रहे हैं। नामांकन से ठीक पहले महाराणा प्रताप इंटर कालेज के मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें अमित शाह अपने संबोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी भी महत्वपूर्ण होगी। धर्मेंद्र प्रधान और स्वतंत्र देव सिंह भी आएंगेय भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक नामांकन के लिए मुख्यमंत्री का आगमन गुरुवार को ही हो जाएगा जबकि अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को आएंगे। नामांकन से पहले होने वाला कार्यकर्ता सम्मेलन सुबह 10 बजे आयोजित है। गृह मंत्री के साथ मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे सम्मेलन परिसर से कलेक्टरी कचहरी के लिए रवाना होंगे और वहां शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पहले कार्यकर्ता सम्मेलन पानी बरसने की स्थिति में गोरखपुर क्लब में आयोजित कराने की योजना थी लेकिन अमित शाह के आगमन को देखते हुए आयोजन स्थल न बदलने का निर्णय भाजपा पदाधिकारियों ने लिया है। बदली परिस्थितियों में पानी बरसने की स्थिति में भी सम्मेलन महाराणा प्रताप इंटर कालेज में ही आयोजित किए जाने व्यवस्था में भाजपा के कार्यकर्ता जुट गए हैं।

## नामांकन के छठे दिन कुल 07 नामांकन पत्र खरीदे गये : जिला निर्वाचन अधिकारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु आज नामांकन के छठे दिन जनपद के अन्तर्गत आने वाली कुल 08 विधान सभा क्षेत्रों हेतु नामांकन के कुल 07 नामांकन पत्र खरीदे गये, तथा आज कुल 46 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। उन्होने बताया है कि विधान सभा क्षेत्र सवायजपुर–154 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदें गये जिसमें से रमेश ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र–156 हरदोई मे कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमे से न्याय वर्धन सिंह ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र साण्डी–158 में कुल 02 नामांकन पत्र खरीदें गये जिसमें से आकांक्षा वर्मा ने 01 व प्रदीप कुमार ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम–मल्लावां–159 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमें से सोनिका वर्मा ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र बालामऊ–160 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमें से साहबलाल वर्मा ने 01 सेट खरीदा। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र सण्डीला–161 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमें से नरेश सिंह ने 01 सेट खरीदा। उन्होने बताया है कि नामांकन के छठे दिन विधान सभा क्षेत्र–154 सवायजपुर से बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार राहुल, आजाद समाज पार्टी उम्मीदवार ज्ञानेश कुमार, निर्दलीय उम्मीदवार उमेश चन्द्र पाठक, अनुपम प्रताप सिंह, रामवीर, सिखा तिवारी, विजय बहादुर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–155 शाहाबाद से बसपा उम्मीदवार अहिवरन सिंह, बीजेपी उम्मीदवार रजनी तिवारी, आप उम्मीदवार कमल शुक्ला, निर्दलीय उम्मीदवार अखिलेश पाठक, राजकुमार जिंदल, धीरू सिंह व नागेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र–156 हरदोई से सीपीआई उम्मीदवार विजय त्रिवेदी, बीएसपी उम्मीदवार शोभित पाठक, एआईएमआईएम उम्मीदवार अताउर रहमान, भारतीय सुभाष सेना उम्मीदवार रामलखन व अखिल भारतीय नैतिक पार्टी उम्मीदवार मोहित मिश्रा, निर्दलीय उम्मीदवार गरिमा अग्रवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–157 गोपामऊ से भारतीय सुभाष सेना उम्मीदवार टीकाराम, बीजेपी उम्मीदवार श्याम प्रकाश व निर्दलीय उम्मीदवार शिवकुमार ने रिर्टनिंग आफीसर के सम्मुख प्रस्तुत होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–158 साण्डी से बहुजन पार्टी उम्मीदवार रंजीत सिंह खालसा, काग्रेस उम्मीदवार आकांक्षा वर्मा व निर्दलीय उम्मीदवार प्रफुल्ल कुमार वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–159 बिलग्राम मल्लावां से सत्य बहुमत पार्टी उम्मीदवार श्याम मोहन पाण्डेय, काग्रेस उम्मीदवार सुभाष पाल, भारतीय सुभाष सेना उम्मीदवार महेश प्रसाद, बीजेपी उम्मीदवार आशीष कुमार सिंह, सपा उम्मीदवार सोनिका वर्मा, निर्दलीय उम्मीदवार चन्द्र किशोर सिंह तथा दीपिका सुमन ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–160 बालामऊ से आप उम्मीदवार रामप्रसाद प्रेमी व पीयुष प्रेमी, बीएसपी उम्मीदवार तिलक चन्द्र, भा0सु0सेना उम्मीदवार भगवानदीन व निर्दलीय उम्मीदवार अनीता देवी, सुशीला देवी, राजेन्द्र कुमार, सन्दीप कुमार तथा मनोज कुमार वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया तथा विधान सभा क्षेत्र–161 सण्डीला से काग्रेस उम्मीदवार मो0 हनीफ, आप उम्मीदवार रघुवीर, भा0श0चे0पा0 उम्मीदवार अभिनय गुप्ता, निर्दलीय उम्मीदवार ललित कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार नामांकन के छठे दिन कुल 46 लोगो ने रिर्टनिंग आफीसर के सम्मुख प्रस्तुत होकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

## जौनपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी : नीली बत्ती लगी गाड़ी के साथ फर्जी आई.ए.एस. गिरफ्तार नगद के साथ कई सामान मिला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा आगामी विधान सभा निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियो के विरुद्व चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में कोतवाली जौनपुर पुलिस ,SOG व सर्विलांस टीम द्वारा दिनांक 03.02. 2022 को रसूला बाद तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियोंध वाहनो की चेकिंग के दौरान चौकियाधाम की तरफ से आ रही लाल– नीली बत्ती लगी एस–क्रास गाड़ी नं0 UP-32-BG&6626 को ससम्मान व मर्यादित ढंग से रोकने पर वाहन चालक द्वारा स्वयं को ACS HOME का रिस्तेदार बताते हुए पुलिस को अपने प्रभाव मे लेना चाहा। उस व्यक्ति का व्यवहार (वाडी– लैन्गवेज) अधिकारी सदृश न होकर संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा E-चालान एप के माध्यम से गाडी के नम्बर प्लेट UP32 BG 6626 को चेक किया गया तो इस रजिस्ट्रेशन नम्बर पर Owner का नाम Excutive Engineer LKO Division,Sharda canal प्रदर्शित हुआ,तथा गाडी Swift Dzire होना अंकित पाया गया । वाहन के कागजात तलब करने पर दिखाने से कासिर रहा । कड़ाईपूर्वक नाम पता पूछने पर अपना नाम हिमान्शु कन्नौजिया पुत्र गुलाब कन्नौजिया निवासी भेटावर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर बताया । नियमानुसार जामा तलाशी से एक अदद लैप–टाप(Lenovo), एक अदद आई–पैड, तीन अदद मोबाईल फोन (दो मोबाईल मे थ्नद बंसस ंचच पदेजंससमक है, जिसके माध्यम से CUG NO क्रिएट करके काल करता है ) तथा 6 अदद ATM CARD,एक अदद पिस्टलनुमा लाईटर तथा 3340/–रूपये बरामद हुए । पूछताछ के दौरान गिरफ्तार हिमान्शु कन्नौजिया ने बताया कि साहब मै कूटरचित सरकारी नम्बर प्लेट लगाया हूँ ताकि यह गाडी प्रशासनिक अधिकारी की लगे । बरामदशुदा लैपटाप I-PAD व मोबाइल फोन के बारे मे पूछने पर बताया कि साहब सैमसंग–21 मे मै FUN CALL APP install करके ACS होम के नम्बर से प्रशासनिक अधिकारियों के CUG NUMBER पर काल करके अपने को ACS होम बताते हुए



जायज–नाजायज काम करवाने के लिए दबाव बनाता था और इसी APP के माध्यम से विभिन्न पुलिस अधिकारियों व अन्य लोगो को काल करके उनके सम्बन्धियों की सचिवालय मे नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लेता था । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 52/2022 धारा 419/420/467/468/471भादवि0 व 67 आई0टी0एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. हिमांशु कन्नौजिया पुत्र गुलाब कन्नौजिया निवासी भटेवरा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1. नीली बत्ती लगी एस–क्रास गाड़ी नं0 UP 32 BG 6626 2. एक अदद लैप–टाप(Lenovo), 3. एक अदद आई–पैड, 4. तीन अदद मोबाईल फोन (दो मोबाईल मे Fun call app installed है, जिसके माध्यम से CUG NO क्रिएट करके काल करता है ) 5. छः अदद ATM CARD बरामद हुए। 6. एक अदद पिस्टलनुमा लाईटर 7.नगद रूपये 3340/– आपराधिक इतिहास – अभियुक्त हिमांशु कन्नौजिया 1. मु0अ0सं0 52/18 धारा 354 (क)/506 भादवि0 थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0 51ध्2022 धारा 406/420 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर 3. मु0अ0सं0 52/2022 धारा 419/420/467/468/471भादवि0 व 67 आई0टी0एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तारी/बरामदगी टीम– 1. श्री सतीश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जौनपुर मय हमराह 2. व0उ0नि0 रमेश कुमार यादव थाना कोतवाली जौनपुर। 3. उ0नि0 रोहित कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी भण्डारी मय हमराही 4. उ0नि0 आदेश त्यागी SOG प्रभारी मय टीम 5. उ0नि0 रामजनम यादव सर्विलांस सेल प्रभारी मय टीम।

## विश्वविद्यालय की छवि खराब करने वाले कर्मियों के लिए बनीं जांच समिति : समिति की रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्यवाही : कुलसचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों में लिप्त कर्मचारियों के प्रति सख्त हो गया है। विश्वविद्यालय के खिलाफ साजिश के तहत गलत और तथ्य से परे खबरों को प्रकाशित कराकर जिन लोगों ने विश्वविद्यालय की छवि को खराब करने की कोशिश की है उनके खिलाफ कुलपति के आदेश पर तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने दो फरवरी को एक आदेश जारी कर ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, डॉक्टर मनोज मिश्र और सहायक कुल सचिव दीपक सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह का कृत्य अनुच्छेद 19 का उल्लंघन है और यह मानहानि की परिधि में आता है। विश्वविद्यालय के किसी भी खबर को प्रकाशित कराने के लिए मीडिया सेल स्थापित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की छवि खराब करने वाले कर्मचारी कि विश्वविद्यालय के प्रति निष्ठा भी संदिग्ध है ऐसे लोगों को जांच में चिन्हित होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव आयोग पहुंची डेढ़ दर्जन अधिकारियों की शिकायत : आयोग कर रहा शिकायतों की समीक्षा

लखनऊ ब्यूरो : पहले चरण के चुनाव की तारीख जैसे–जैसे करीब आ रही है, चुनाव को लेकर सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। अब तक डेढ़ दर्जन अधिकारियों को हटाए जाने की शिकायत चुनाव आयोग से की जा चुकी है। इसमें मंडलायुक्त और पुलिस आयुक्त से लेकर तहसीलदार स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। आयोग को शिकायत मिली है कि कई ऐसे अधिकारी हैं जो तीन साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। इन अधिकारियों में कमिश्नर से लेकर तहसीलदार स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। मसलन वाराणसी के मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल 16 मार्च 2018 से वाराणसी में तैनात हैं। यानी उन्हें वाराणसी में तैनाती को तीन साल 10 माह से अधिक हो गए हैं। इसी तरह मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह पहले रामपुर में जिलाधिकारी थे और अब उसी मंडल के मंडलायुक्त हैं जिसमें रामपुर जिला भी आता है। आंजनेय रामपुर में 15 फरवरी 2019 से 2 मार्च 2021 तक जिलाधिकारी थे। पदोन्नति होने के बाद उन्हें उसी मंडल का मंडलायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा जिन अधिकारियों को लेकर शिकायत आयोग से की गई है उसमें देवरिया जिले के एसपी श्रीपति मिश्रा, देवरिया में ही तैनात उप जिलाधिकारी सौरभ सिंह, प्रतापगढ़ में मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव का नाम भी शिकायतों में शामिल है। इसके अलावा विभिन्न राजनैतिक दल अलग अलग जिलों के अधिकारियों की शिकायत आयोग से कर चुके हैं। इसमें अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश और अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल के साथ–साथ नोएडा के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह का नाम भी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि आयोग को जो शिकायतें मिली हैं उनकी समीक्षा की जा रही है और जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। लक्ष्मी सिंह के हटाए जाने की भी चर्चा इस बीच लखनऊ रेंज की पुलिस महानिरीक्षक लक्ष्मी सिंह को हटाए जाने की अटकलें शुरु हो गई हैं। दर असल लक्ष्मी सिंह के पति राजेश्वर सिंह लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बनाए गए हैं। इस लिए लक्ष्मी सिंह को यहां से हटाए जाने को लेकर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इसके लिए गृह विभाग भी सक्रिय हो गया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सावधान ! आरटीओ गोरखपुर कहीं आपकी निजी गाड़ी को भी बोलेरो न बना दे

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आरटीओ गोरखपुर ने लापरवाहियों का एक ऐसा नमूना पेश किया है। जिससे विभाग की कर्तव्यनिष्ठा की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। हिन्द भास्कर समाचार के प्रधान संपादक सतेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उनकी महिंद्रा मराजो की प्राइवेट नंबर न्63क 7421की गाड़ी को आरटीओ ने जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम थाने के माध्यम से उनके घर पर नोटिस भेजा है। उन्होंने बताया कि थाने के माध्यम से उन्हें यह सूचना मिली है। हद तो तब हो जाती है जब आरटीओ गोरखपुर को व्यक्तिगत गाड़ी और कामर्शियल गाड़ी में कोई फर्क नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि जिस गाड़ी को लेकर वे पूरे प्रदेश में चलते हैं। उस गाड़ी के लिए गोरखपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम से उनके घर पर थाने के माध्यम से एक नोटिस आई है कि गाड़ी निर्वाचन आयोग को सौंप दिया जाए। यद्यपि इस तरह के कार्यों के लिए बोलेरो जैसी कामर्शियल गाड़ियों का प्रशासन पहले से प्रयोग करता रहा है। किंतु अब किसी भी गाड़ी को बोलेरो मानकर उसके घर से प्राइवेट गाड़ी या व्यक्तिगत नंबर की निजी गाड़ियों को निर्वाचन आयोग ले जाए, यह तो गोरखपुर के आरटीओ ऑफिस का कमाल ही समझिए। आरटीओ गोरखपुर ने कमाल कर दिखाया कि महिंद्रा मराजो प्राइवेट गाड़ी को भी भाड़े की बोलेरो घोषित कर जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम से भाड़े पर भेजने का नोटिस भेज दिया है।

## डॉक्टर राजीव लोचन शुक्ला ने अपील की

आर एल पाण्डेय लखनऊ। इटावा की सदर विधानसभा के चुनावी दौरे में ग्राम भोगीपुरा में ग्रामीणों के बीच में सदर विधायक का सरिता भदौरिया के लिए चुनाव प्रचार में कमल के निशान में वोट डालने की डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय वाहिनी ने अपील की जनता से यह समझाया की 2022 का यह चुनाव भारत की दशा और दिशा दोनों को बदलने के लिए अति महत्वपूर्ण है इस चुनाव में आप सभी लोग जाति धर्म वर्ण व्यवस्था को भूलकर केवल हिंदुस्तानी होने के नाते भारत के राष्ट्रीयता और अस्मिता को बचाने के लिए कमल के निशान पर अपना अमूल्य मतदान करना है यह चुनाव हम हिंदुस्तानियों के लिए अपना गौरव अपना संस्कार और अपनी अस्मिता बचाने के लिए जिहादियों परिवार वादियों परिवार वादियों भू माफियाओं आतंकवादियों से मुक्त करने के लिए वोट करना है सभी ग्राम वासियों ने ग्राम सिंघावली में वह भोगीपुरा में आश्वस्त किया कि वह इस चुनाव में कमल को खिलाएंगे और भारत को भगवा में बनाएंगे।

## लोजपा प्रत्याशी कल्पराम को मिला सिम्बल : रेहडी छोटी ठेलिया होगा चुनाव चिन्ह

आर एल पाण्डेय गोण्डा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान ) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के अनुमोदन पर गोण्डा सदर विधान सभा में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मणिशंकर पाण्डेय ने सिम्बल प्रदान किया है। प्रत्याशी डा. त्रिपाठी को जीत की शुभकामना देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि पहली सूची जारी करते हुए 48 विधान सभा सीटों पर चुनावी अखाड़ेबाज पहलवानों को उतारा जा रहा है। प्रत्याशी रेहडी छोटी ठेलिया चिन्ह पर चुनाव लडेगे। लोजपा की सूची में देवीपाटन मंडल के 4 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले जिन प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं इनमें गोण्डा सदर सीट से डॉ. कल्पराम त्रिपाठी, बलरामपुर सदर से डॉ. सावित्री, श्रावस्ती से मनोज पाठक एवं भिनगा से त्रिभुवन प्रसाद शामिल हैं। लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष मणि शंकर पांडेय ने प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान दलितों के मसीहा कहे जाते थे। उन्होंने बिहार से राजनीति शुरू करके राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप से पूरे देश के दलित, शोषित, खेतिहर मजदूर, असहाय– कमजोर वर्ग के विकास व अधिकार को दिलाने के साथ ही उपेक्षित महिलाओं की समाज में समान भागीदारी को लेकर आजीवन संघर्ष किया। लोजपा स्वर्गीय पासवान के सपनों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में प्रदेश के चुनाव में दमखम के साथ उतर रही है। आजादी के बाद सभी राजनीतिक दलों ने दलित व शोषित समाज के साथ केवल छलावा किया है । विधानसभा चुनाव में लोजपा प्रत्याशी वंचित समाज को उनका हक दिलाने व उनमें राजनीतिक चेतना जागृत करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। गोण्डा सदर के प्रत्याशी डॉ कल्पराम त्रिपाठी ने कहा कि वह इसके पूर्व भी लोजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं और वर्तमान चुनाव में भी वह पार्टी के सिपाही बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मजदूर व महिला दलित शोषित समाज के समर्थन से चुनाव लड़ रहा हूं। देवीपाटन मंडल के बलरामपुर प्रत्याशी डॉक्टर सावित्री महिला जागरण में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
किसी को खुश करनें का मौका मिले तो छोड़ना मत। क्योंकि वो फरिश्ते होते है जो किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट ले आते हैं।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# महाराजा की मुक्ति : लेकिन सवाल बाकी

सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2019–20 से पता चलता है कि केंद्र द्वारा संचालित 256 सार्वजनिक उद्यमों में से 84 ने 44,817 करोड़ रुपये तक के नुकसान की सूचना दीदृयानी हर घंटे पांच करोड़ रुपये का घाटा।

आखिरकार महाराजा को सरकार ने मुक्त कर दिया! जून, 2017 में इस स्तंभकार ने कहा था कि सरकार को नागरिक उड्डयन में अपनी भूमिका पर विचार करना चाहिए और अगर इस राष्ट्रीय वाहक का भविष्य बनाना है, तो एयर इंडिया का स्वामित्व टाटा को सौंप देना चाहिए। इस फैसले को आने में थोड़ा वक्त लगा है, लेकिन जिस तरह से यह फैसला आया है, वह काबिलेतारीफ है। महाराजा दीर्घायु हो। अब सवाल उठता है कि अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के बारे में सरकार का क्या विचार है। केंद्र संचालित सार्वजनिक उद्यम (सीपीएसई) में अक्षमता और मूल्य विनाश की स्थिति तत्काल निजीकरण की मांग करती है। सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2019–20 से पता चलता है कि केंद्र द्वारा संचालित 256 सार्वजनिक उद्यमों में से 84 ने 44,817 करोड़ रुपये तक के नुकसान की सूचना दीदृयानी हर घंटे पांच करोड़ रुपये का घाटा।

पिछले पांच वर्षों में औसतन 75 सीपीएसई ने भारी घाटा दर्ज किया है। वर्ष 2015–16 और 2019–20 के बीच, इन सीपीएसई द्वारा 1,61,142 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जो प्रति वर्ष औसतन 32,000 करोड़ रुपये से अधिक है। दरअसल, सरकार ने अगस्त 2021 में संसद को सूचित किया था कि '30 सीपीएसई लगातार 1,06,879 करोड़ रुपये के संचयी नुकसान के साथ घाटे में चल रहे थे।' हमारे सामने बढ़ते नुकसान की काली छाया है और फिर धन का क्षरण होता है–करदाताओं के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के सूचीबद्ध शेयरों को प्रबंधन छूट का सामना करना पड़ता है। बीएसई में सूचीबद्ध 90 से अधिक संस्थाओं के साथ सरकार देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। 31 दिसंबर, 2021 को सभी सूचीबद्ध शेयरों का बाजार मूल्य 266 लाख करोड़ रुपये था, जबकि पीएसई शेयरों का बाजार मूल्य 22.01 लाख करोड़ रुपये था।

सरकार देश के वित्तीय क्षेत्र में बड़े भाई की भूमिका में है, क्योंकि पूरे बैंकिंग क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की संख्या दो तिहाई से ज्यादा है। सभी सूचीबद्ध पीएसबी के शेयरों का कुल बाजार मूल्य लगभग 7.7 लाख करोड़ रुपये है। इसके विपरीत, निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8.11 लाख करोड़ रुपये है, जो सभी सूचीबद्ध पीएसबी के बाजार मूल्य से अधिक है। दरअसल, सभी पीएसबी का बाजार मूल्य निजी बैंकों के बाजार मूल्य का बमुश्किल एक तिहाई है।

भारत के सार्वजनिक क्षेत्र का प्रबंधन अपर्याप्त वैचारिक स्पष्टता से ग्रस्त है कि सरकार के पास क्या होना चाहिए, और क्या प्रबंधन करना चाहिए तथा उसे क्या विनिवेश करना चाहिए। ऐतिहासिक गलतियां हुई हैं, जिसके पीछे विरासत एक बड़ा कारण है। 1950 में एयर इंडिया के अधिग्रहण के विफल होने की भविष्यवाणी की गई थी। न्यायमूर्ति राजाध्यक्ष की अध्यक्षता वाली वायु परिवहन समिति ने चेतावनी दी थी कि हवाई परिवहन अत्यधिक विशिष्ट है और 'सरकार से जुड़ी धीमी और सख्त नौकरशाही विधियां हवाई परिवहन उद्योग की जरूरतों के लिए अनुपयुक्त हैं।' सरकारी स्वामित्व का परिदृश्य तब और खराब हो गया, जब राजनीतिक और प्रणालीगत सुविधा से प्रेरित फैसले लिए गए। मसलन, सत्तर के दशक में कपड़ा मिलों के राष्ट्रीयकरण को देखा जा सकता है।

अर्थव्यवस्था के बंद होने पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की एकाधिकार स्थिति से समाजवादी पैटर्न कायम था। आदर्श रूप में, 1990 के दशक में अर्थव्यवस्था के खुलने के बाद नीति को धुरी पर लाना चाहिए था। निजी क्षेत्र के लिए खुले डोमेन में सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के सह–अस्तित्व ने सभी क्षेत्रों में करदाताओं द्वारा वित्तपोषित सार्वजनिक संपत्ति के त्वरित क्षरण को तेज कर दिया। हालांकि पिछले दशकों के दौरान सत्ताधारी शासन के भीतर और बाहर से सरकार को व्यवसाय से बाहर करने के प्रतिरोध ने अस्पष्ट और सुविधाजनक परिभाषाएं बनाईं, जिसे रणनीतिक रूप में परिभाषित किया गया। उदाहरण के लिए, भारत पेट्रोलियम, जो 2021 में बिक्री के लिए तैयार था, को रणनीतिक माना गया, भले ही सरकार ने निजी कंपनियों के लिए पेट्रोलियम क्षेत्र को लंबे समय से खोल दिया था। और जिन कंपनियों का निजीकरण किया गया, उन्होंने भले ही अच्छा प्रदर्शन किया हो, पर अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में निजीकरण की सफलता के बावजूद, विनिवेश/निजीकरण के खिलाफ राजनीतिक सहमति दो दशकों से कायम है। आमतौर पर, विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जो प्रस्ताव रखा था, ठीक–ठीक उसी का विरोध किया है।

विनिवेश और/या निजीकरण की राजनीतिक स्थिति राजकोषीय घाटे को पाटने के एक तंत्र के रूप में है, यानी यह राजनीतिक अर्थव्यवस्था का वह अनाथ है, जो सरकारी खर्च और आय के बीच के अंतर को परिभाषित करता है। यह स्थिति अपव्यय को लक्षित करने में विफलता को वैध बनाती है और बजट में घोषित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए क्रमिक शासनों की विफलता में प्रकट होती है। संप्रेषण का गायब हिस्सा यह तथ्य है कि सरकार के व्यवसाय से बाहर निकलने की आवश्यकता बेहतर सार्वजनिक हित से प्रेरित है।

एयर इंडिया के निजीकरण की सफलता इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। एलआईसी की लिस्टिंग में हो रही देरी, और वास्तव में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी का कमजोर पड़ना, दृष्टिकोण में संरचनात्मक परिवर्तन की आवश्यकता को प्रकट करता है। वर्ष 2021 में, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने राजनीतिक रूप से ज्वलंत शब्द 'निजीकरण' को राजनीतिक आख्यान में शामिल किया। यह आवश्यक था, लेकिन पर्याप्त नहीं था। भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था प्रतिस्पर्धी संकटों और परस्पर विरोधी मजबूरियों से घिरी हुई है। भारत की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए केंद्रीय चुनौती संसाधनों को बचाना, क्षमता निर्माण और उत्पादकता को बढ़ावा देना है। यह महत्वपूर्ण है कि सरकारी प्रबंधन के दायरे से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को संसद के प्रति जवाबदेह सार्वजनिक न्यास में स्थानांतरित करने के लिए एक खाका तैयार किया जाए, ताकि सरकार, किसका स्वामित्व रखना और किसे निवेश करना चाहिए, किसे प्रबंधित करना और किसे बेचना चाहिए, के पुनर्गठन में सक्षम हो सके।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## संघर्ष हार गया पैसा जीत गया : सपा ने मलिहाबाद से सोनू कनौजिया को दिया टिकट

आर एल पाण्डेय काकोरी। मलिहाबाद विधानसभा सुरक्षित सीट है ।यह सीट पासी बाहुल्य मानी जाती है। जिसकी वजह से हर दल का नेतृत्व पासी उम्मीदवार को प्राथमिकता देता है। वही यह सीट भाजपा सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर का गढ़ माना जाता है। हालांकि इससे पूर्व यह सीट समाजवादी पार्टी की मानी जाती रही है । इस समय यह माना जा रहा है कि मलिहाबाद सीट पर भाजपा व सपा की मुख्य लड़ाई है ।ऐसे में समाजवादी पार्टी को ऐसे उम्मीदवार का चयन करना चाहिए कि जिसकी पकड़ पासी वोट बैंक पर हो, जो भाजपा केंद्रीय राज्य मंत्री के गणित व जीत के आधार को तोड़ सके । मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 384643 है ।सूत्रों के अनुसार विधानसभा में पासी मतदाता एक लाख से अधिक है। जो उम्मीदवार इस वोट बैंक पर मजबूत पकड़ रखता है वो इस सीट पर विजय पाता है ।पासी नेता के रूप में इस क्षेत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का नाम है। इस क्षेत्र में पासी जाति पर पकड़ बनाये रखने के लिए उनका पारख महासंघ एवं कौशल किशोर यूथ बिग्रेड काम करता है। सूत्रों के मुताबिक यह भी माना जाता है कि केंद्रीय राज्यमंत्री का खुद का वोट बैंक ३५–४० हजार से ऊपर माना जाता है जो पासी जाति है । लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा टिकट पूर्व सांसद सुशीला सरोज को दिया गया था। बाद में सियासी ड्रामा चला जिसमें कहा गया कि अधिक उम्र व स्वास्थ्य के चलते सुशीला सरोज चुनाव लड़ने से मना कर दिया। बाद में खबर चली कि वह पार्टी मुखिया की बात मानेगी । जिसके अनेक मायने हैं। मंगलवार को भी क्षेत्र की जनता कयास लगाती रही कि किसका टिकट होगा। क्योंकि क्षेत्र में यह खबर चलती रही कि टिकट परिवर्तन हो सकता है ।अब यह शीर्ष नेतृत्व को विचार करना है कि उनके पास ऐसा कौन सा उम्मीदवार है जो केंद्रीय राज्य मंत्री को पासी वोट बैंक के आधार पर उनको मात दे पाए ।वह उम्मीदवार जो उनके पासी समाज के संगठन पारख महासंघ एवं कौशल किशोर यूथ ब्रिगेड को टक्कर दे पाए ।जो उनके आधार को हिला सके ।और हाँ इसके साथ समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार ऐसा हो जो बसपा के वोट बैंक को भी विश्वास में ले सके और उनका वोट ले सके ।फिलहाल पार्टी के पास डॉ मोहन लाल पासी , सी एल वर्मा , राज बाला रावत, पूर्व विधायक इंदल रावत मुख्य रूप से टिकट की लाइन में है । सूत्रों की मानें तो पूर्व सांसद सुशीला सरोज ने अपना टिकट वापस करतें हुए सोनू कनौजिया को मलिहाबाद से टिकट करा दिया है जो धोबी समाज से ताल्लुक रखते हैं। इस समाज का विधानसभा मलिहाबाद में लगभग 15000 ही मतदाता है जिसमें से आधे से अधिक मतदाता अपनी रोजी–रोटी के लिए विदेशों में मेहनत मजदूरी करते हैं। पासी समाज से ताल्लुक रखने वाले सपा से टिकट लाइन में लगे किसी भी दावेदार का टिकट नहीं हुआ है, जिसके भी अनेक मायने हैं। ऐसे में सपा का नुकसान हो सकता है।

## सतर्कता और सजगता ही हमारी सुरक्षा की पहली गारंटी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ के 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग के तत्वावधान में प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता तथा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के संयोजन में साइबर अपराध से जागरूकता ही बचाव – इस विषय पर ऑनलाइन संवाद आयोजित किया गया। कैडेट शीतल सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया । इंटरनेट पर स्मार्ट बने और हमेशा सुरक्षित रहें –इस बात की पल्लवी मिश्रा तथा दीपांशी निगम ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साइबर अपराध , प्रकार तथा अपराध होने की स्थिति में कानून की विस्तृत जानकारी दी। दिव्यांशी मिश्रा, विदुषी शुक्ला तथा सौम्या भंडारी ने कविता के माध्यम से विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कीर्ति रस्तोगी, अरुंधति द्विवेदी, तनु सारस्वत, श्रुति तिवारी,वर्षा यादव तथा खुशी कनौजिया ने साइबर अपराध के प्रकार, इस संबंध में कानून आदि पर विस्तृत चर्चा की । नेहा धानुक ने गीत के माध्यम से सभी को इंटरनेट से होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटलाइजेशन से हमारा जीवन सरल हुआ है परंतु इसके साथ ही खतरों की संभावना भी बड़ी है इसलिए आवश्यकता है सचेत रहने की । उन्होंने कैडेट्स के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें सदैव अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि इंटरनेट हमारे जीवन का आधार बन गया है और हर संभव कार्य की सहायता से हो रहा है ,इसी कारण से हमारी हर छोटी–बड़ी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होती है इसलिए आवश्यकता है इंटरनेट को समझकर सही तरीके से उसका प्रयोग करना ताकि साइबर से होने वाले अपराधों से आजादी मिल सके। कार्यक्रम में डॉ गीताली रस्तोगी, डॉ शर्मिता नंदी, डॉ संगीता कोतवाल, डॉ शोभा मिश्रा, डॉ निनी कक्कड़ ,श्रीमती सुनीता सिंह समेत बड़ी संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी ने सरकार की उपलब्धियां बताईं और कहा– कोरोना महामारी चुनौती बनी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी ने बृहस्पतिवार सुबह प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पांच साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। पांच साल पहले जब यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुछ संकल्प लिए थे। उन संकल्प की दिशा में सरकार ने जो किया है उसकी रिपोर्ट देना मेरा कर्तव्य है। पांच साल में से तीन साल तक सरकार ने बेहतर काम कर प्रदेश की छवि को बदलने का काम किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने 'यूपी में योगी है उपयोगी' गीत लांच किया। दो साल में कोरोना महामारी जीवन और जीविका को बचाने की चुनौती थी। कोरोना प्रबंधन को दुनिया ने सराहा है। उत्तर प्रदेश की शतप्रतिशत आबादी को वैक्सीन की पहली डोज लग गई है। 70 फीसदी से अधिक को दूसरी डोज लग गई है। 1538992 को बूस्टर डोज लग गई है। 15 से 17 वर्ष की आयु के 1 करोड़ से अधिक को डोज लग गई है। पहली लहर को नियंत्रण के बाद बहुत सारी परेशानी और चुनौतियों से मुकाबला किया। 40 लाख प्रवासी कामगार और श्रमिकों को घर पहुंचाने के साथ भोजन की व्यवस्था की। 581 ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए है। तीसरी लहर को भी नियंत्रित किया गया है। आज एक्टिव केस 41471 है। पिछले 15 दिन में 60 हजार मामले कम हुए है। सबसे अधिक जांच करने वाला प्रदेश है। जीवन और जीविका को बचाने का मॉडल प्रस्तुत किया है। पांच साल में यूपी ने मील के पत्थर भी स्थापित किए है। मात्र पांच साल में अर्थव्यवस्था को नम्बर दो स्थान पर लाने में सफलता हासिल की है। प्रतिव्यक्ति आय 94 हजार रुपये तक पहुंचाने में सफल रहे। प्रदेश सरकार का बजट 6 लाख करोड़ तक पहुंचाया है। ईज ऑफ डूइंग में प्रदेश दूसरे स्थान पर आया है। निवेश में यूपी का स्थान 14वे स्थान पर था, आज देश व दुनिया का निवेशक के लिए यूपी पहली पसंद है। सीएम योगी ने कहा कि यह यात्रा जो शरू हुई यहीं पर सन्तुष्ट करने वाली नही होनी चाहिए। आत्मा सन्तुष्टि लेकर नहीं बैठ सकते। अर्थव्यवस्था, प्रतिव्यक्ति आय की दृष्टि से भी यूपी को नंबर एक बनाना है। उसके लिए सरकार ने रोडमैप तैयार किया है। श्रमिक की स्किल मैपिंग कराई गई। एमएसएमई में ऋण को बढ़ाया गया है। बेरोजगारी की दर घटकर 3 प्रतिशत हुई है। यूपी पुलिस में डेढ़ लाख पुलिस की भर्ती पारदर्शी तरीके से की। 46 हजार पुलिस को पदोन्नति दी । जिन भर्ती पर रोक लगाई थी उसे भी न्यायालय के आदेश पर कराया। साइबर पुलिसिंग की व्यवस्था की थ्रे लैब की व्यवस्था की है। फोरेंसिक इंस्टिट्यूट की कार्यवाही आगे बढ़ी है। महिला पुलिस की संख्या तीन गुना की गई है। महिला सुरक्षा का सशक्त नमूना प्रस्तुत कर रही हैं। यूपी पहला राज्य है जिसमे महिला पुलिस बिट की व्यवस्था की है। पांच साल में कोई दंगा नही हुआ, कोई आतंकी घटना नही हुई, सीमावर्ती जिलों में जॉइंट पुलिसिंग की व्यवस्था की है। चार जिलों में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की। डकैती, लूट, बलात्कार जैसे अपराधा में कमी भी हुई है। धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया है। 155 दुर्दान्त अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। पेशेवर माफिया की संपत्ति को जब्त किया। बसपा में 364, सपा सरकार में700 से अधिक दंगे हुए थे। भाजपा सरकार में कोई दंगा नही हुआ कोई आतंकी घटना नही हुई है। एटीएस के सेंटर स्थापित किए है। कानून व्यवस्था में सुधार से प्रदेश की छवि को बदल दिया है। यूपी आज देश मे निवेश का अच्छा गन्तव्य मिला है। तीन लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरे है। रोजगार बढ़ा। कोरोना काल मे 66 हजार करोड़ का निवेश मिला है। पहला डाटा सेंटर भी यूपी में बना रहा है। एमएसएमई सेक्टर 2017 तक बन्दी के कगार पर था। हमारी ओडिओपी योजना मॉडल बनी है। एक्सपोर्ट का हब बना है यूपी। दो लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई सेक्टर को दिलाया है। प्रशिक्षण के साथ संसाधन भी दिए है । डिफेंस कॉरिडोर पर तेजी से काम हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल का प्लांट स्थापित हुआ है। एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स ने जमीन को कब्जे से मुक्त कराकर अस्पताल बनाये है। 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। सरयू नहर, बाण सागर नहर परियोजना का सहित अन्य परियोजना लंबित पड़ी थी। हमारी सरकार ने उन्हें पूरा कराया है। 21 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई की सुविधा मिली है। बसपा और सपा के सरकार में हुई कुल खरीद से ज्यादा धान और गेंहू खरीदा गया है। सपा बसपा सरकार में 29 चीनी मिल बिकी थी। गन्ना किसानों को अब तक 1.97 लाख करोड़ का गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। तीन नई चीनी मिल स्थापित की है। चीनी का उत्पादन 64 लाख टन था अब 116 लाख टन चीनी का उत्पादन हो रहा है। महिला सशक्तिकरण का मॉडल पेश किया गया है। पांच साल में पांच लाख युवाओं को सरकारी नोकरी दी है। सपा सरकार ने 15 करोड़ लैपटॉप खरीदे, छह लाख ही बंटे थे, बाकी कहां गए पता नहीं। अलीगढ़, आजमगढ़ और सहारनपुर में नया विश्विद्यालय स्थापित किया है। सपा सरकार का विकास कब्रिस्तान की बाउंड्री वाल तक दिखाई देता है। पांच साल सरकार की कार्यवाही ने यूपी को नए रूप में प्रस्तुत किया है। आज यूपी सफल व सम्रद्ध प्रदेश के रूप में स्थापित हुआ है। जो भी काम करने में सफल हुए है , यूपी को देश की नम्बर एक अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाना है। आज 50 योजनाओं में यूपी पहले स्थान पर है। सुरक्षा से सम्रद्धि की यात्रा को अनवरत रखना है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्यमंत्री कौशल किशोर, उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमारी टीम के महत्वपूर्ण और वरिष्ठ सदस्य केशव प्रसाद मौर्य नामांकन दाखिल कर रहे हैं। मैने उनके प्रति सुबह ही शुभकामनाएं पेश की है।

## हरदोई की आठों विधानसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री का सुना गया वर्चुअल संवाद

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विषय पर वर्चुअल तकनीक के माध्यम से आम बजट को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता को किया संबोधित। आठों विधानसभा में एलईडी के माध्यम से विधायक गणों वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को सुना। हरदोई विधान सभा का कार्यक्रम नारायण धाम गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी से देश लड़ रहा है। कोरोना कालखंड में दुनिया के सामने अनेक चुनौतिया सामने खड़ी है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। आज दुनिया उस चौराहे पर आकर खड़ी है, जहां एक बड़ा परिवर्तन निश्चित है। भारत इस आपदा को एक सुनहरे भविष्य के रूप में भुनाकर तीव्र गति से विकास को आगे लेजाकर आधुनिक भारत का निर्माण करना चाहता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि बजट २०२२ में भारत को आधुनिकीकरण की राह पर ले जाने के लिए कई प्रावधान किए हैं। पिछले 7 वर्षों में लिए गए निर्णय भारतीय अर्थव्यवस्था को लगातार बढ़ा रहे हैं। 7–8 साल पहले भारत की जीडीपी 1.10 लाख करोड़ रुपए थी। आज हमारी जीडीपी करीब 2.3 लाख करोड़ रुपये है। 2013–14 में भारत का निर्यात 2.85 लाख करोड़ रुपये था। आज निर्यात 4.7 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बजट गरीबों, मध्यम वर्ग और युवाओं पर केंद्रित है और इसका उद्देश्य उन्हें बुनियादी जरूरतें मुहैया कराकर आत्मनिर्भर की दिशा में बढाना है। केंद्र सरकार के प्रयासों से, लगभग 9 करोड़ ग्रामीण परिवारों का जीवन स्तर सुधारने का काम किया है। पक्का घर, बिजली कनेक्शन, गैस कनेक्शन, ई श्रम कार्ड, जल कनेक्शन देकर गरीबी से निकाल मुख्यधारा से जोड़ा। अब करीब 9 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचने लगा है। बजट में घोषणा की गई है कि इस साल करीब 4 करोड़ ग्रामीण घरों को पानी का कनेक्शन दिया जाएगा। केन–बेतवा को लिंक करने के लिए हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, उससे यूपी और एमपी के बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर भी बदलने वाली है। अब बुंदेलखंड के खेतों में और हरियाली आएगी, घरों में में पीने का पानी आएगा, खेतों में पानी आएगा ।इस साल के बजट में गरीबों के लिए 80 लाख पक्के मकानों का प्रावधान है। इसके लिए 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। हमने आकांक्षी जिला– एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स अभियान शुरू किया था। इन जिलों में गरीब की शिक्षा के लिए, स्वास्थ्य के लिए, सड़कों के लिए, बिजली–पानी के लिए जो काम हुए, उसकी प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र ने भी की। ये बजट मोर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मोर इन्वेस्टमेंट मोर ग्रोथ, और मोर जॉब्स की नई संभावनाओं से भरा हुआ है। और एक नया क्षेत्र और खुला है। और वो हो ग्रीन जॉब्स का। ये बजट तत्कालीन आवश्यकताओं का भी समाधान करता है और देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को भी सुनिश्चित करता है। जीवन के हर क्षेत्र में आधुनिकता आए, टेक्नोलॉजी आए, जैसे किसान ड्रोन हो, वंदेभारत ट्रेन हों, डिजिटल करेन्सी हो, बैंकिंग के क्षेत्र में डिजिटल यूनिट्स हों, 5जी सर्विसेज का रोल आउट हो,नेशनल हेल्थ




के लिए डिजिटल इको सिस्टम हो, इनका लाभ हमारे युवा, हमारे मध्यम वर्ग, गरीब–दलित–पिछड़े, ये सभी वर्गों को मिलेगा। इस बजट का एक महत्वपूर्ण पहलू हैदृ गरीब का कल्याण। हर गरीब के पास पक्का घर हो, नल से जल आता हो, उसके पास शौचालय हो, गैस की सुविधा हो, इन सभी पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही आधुनिक इंटरनेट कनेक्टिविटी पर भी उतना ही जोर है। जो भारत के पहाड़ी क्षेत्र हैं, हिमालय का पूरा पट्टा। जहां जीवन आसान बने, वहां से पलायन ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए भी नई घोषणा की गई है। हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट, ऐसे क्षेत्रों के लिए पहली बार देश में पर्वतमाला योजना शुरू की जा रही है। ये योजना पहाड़ों पर ट्रांसपोर्टेशन और कनेक्टिविटी की आधुनिक व्यवस्था का निर्माण करेगी। और इससे हमारे देश के जो सीमावर्ती गांव हैं, बॉर्डर के गांव हैं। जिसका वाइब्रेंट होना जरूरी है। जो देश की सिक्युरिटी के लिए भी आवश्यक है। उसको भी बहुत बड़ी ताकत मिलेगी। इस साल के बजट में पीएम किसान सम्मान नीधि के तहत 68 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ये राशि भी पिछले साल की तुलना में ज्यादा है। इसका लाभ भी देश के करीब 11 करोड़ किसानों को होगा। इस बजट में फर्टिलाइजर की सब्सिडी को 79 हजार करोड़ से बढ़ाकर 1.5 हजार करोड़ रुपए किया गया है। हर साल जो लाखों करोड़ रुपए हम खाद्य तेल खरीदने के लिए विदेश भेजते हैं वो देश के किसानों को ही मिले, इसके लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का एक बड़ा अभियान निरंतर चल रहा है जिसके माध्यम से खेत में ही सोलर पैनल लगाने के लिए मदद दी जा रही है। युवाओं को शिक्षा और स्किल के बेहतर अवसर देने के लिए बीते वर्षों में तकनीक का दायरा निरंतर बढ़ाया गया है। इस बजट में इसे विस्तार देते हुए पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने का फैसला किया गया है। इससे गरीब बच्चे भी छोटे मोटे कोर्स, क्वालिटी एजुकेशन के साथ आसानी से कर पाएगा। आज के अखबारों में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की भी काफी चर्चा है। इससे डिजिटल इकॉनॉमी को बहुत बल मिलेगा। ये डिजिटल रुपया अभी जो हमारी फिजिकल करेंसी है उसका ही डिजिटल स्वरूप होगा और इसे आर बी आई द्वारा कंट्रोल किया जाएगा। इसको फिजिकल करेंसी से एक्सचेंज किया जा सकेगा। आज सस्ता और तेज इंटरनेट भारत की पहचान बन चुका है। बहुत जल्द सभी गांव तक ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी पूरी होगी। 5जी सर्विस भारत में इज ऑफ लिविंग और इज ऑफ डूइंग बिजनेस को एक अलग ही आयाम देने वाली है। पोस्ट ऑफिस में जिनके सुकन्या समृद्धि अकाउंट और पीपीएफ अकाउंट हैं, उनको भी अब अपनी किश्त जमा करने पोस्ट ऑफिस जाने की जरूरत नहीं है। अब वो सीधे अपने बैंक अकाउंट से ऑनलाइन ट्रांसफर कर पाएंगे। अब पोस्ट ऑफिस के खातों में भी बैंकों की तरह ही मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम और ऑनलाइन फंड ट्रांस्फर की सुविधा मिल पाएगी ।इस वर्चुअल संवाद में जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज, विधायक नितिन अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल सहित जिला पदाधिकारी गण तथा नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे सांडी विधानसभा के कार्यक्रम में जिला प्रभारी प्रकाश पाल विधायक प्रभास कुमार,विधानसभा सभा प्रभारी मनोज वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख नवनीत गुप्ता आर्य जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, रोहित वैश्य विस्तारक, जिला महामंत्री सत्येन्द्र राजपूत, देवराज सिंह वीरू सभी मण्डल अध्यक्ष जी, महिला मोर्चा की बहनें कोमल गुप्ता, श्वेता पाण्डेय,सुधा सिंह, सहित पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## क्षत्रिय समाज के सैकड़ों स्वजनों ने दिया सपा प्रत्याशी बब्बू को समर्थन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आसिफ खां बब्बू को मिल रहा है सभी धर्म वर्गों का जबरदस्त समर्थन शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित क्षत्रिय समाज के तमाम प्रभावशाली स्नेहीजन सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक बब्बू के समर्थन में खुलकर आए। शाहाबाद क्षत्रिय समाज में स्वच्छ व ईमानदार छवि रखने वाले ऐलासिंह पूर्व ग्राम प्रधान ऐलमपुर के आवास पर क्षत्रिय समाज के मुनेश्वर बक्स सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य ग्राम पलिया नन्हें कश्यप प्रधान ग्राम अंडौआ गुड्डू सिंह प्रधान ग्राम आंझी पप्पू सिंह ग्राम करावां रिषी कुमार उर्फ मझले ग्राम परसई यदुवीर सिंह ग्राम फत्तेपुर गाजी मुन्ना सिंह ग्राम अड़ौआ राजीव सिंह ग्राम मझिला मानवेन्द्र सिंह ग्राम मझिला प्रकाश सिंह ग्राम असगरपुर पमपम सिंह आजाद सिंह सुरेश सिंह ग्राम ऐलमपुर अरूण सिंह ग्राम फत्तेपुर राजकुमार सिंह ग्राम सिंगोहा रामसागर ग्राम टीकमपुरवा जदुवीर सिंह फतेहपुर रमन सिंह चठिया राजीव सिंह राठौर पूर्व जिला सहकारी बैंक डायरेक्टर अध्यक्ष सा.स.स. लि.सहरुआ पप्पू सिंह ऋषी कुमार अम्बरीष सिंह सिंगोहा ठाकुर लकी सिंह चठिया यदुवीर सिंह मानवेन्द्र सिंह प्रकाश सिंह महाजन सिंह मझिला गुड्डू सिंह प्रधान आंझी पप्पू सिंह पसिगवां सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगो ने जिताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सपा प्रत्याशी आसिफ खां बब्बू ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की जनता को सदैव अपना परिवार समझा है और आज तक जो भी व्यक्ति



हमसे जुड़ा वह कभी अलग नहीं हुआ जिसका जीता जागता उदाहरण हैं कि हमारा वोट प्रतिशत सदैव बढ़ता रहा है जो जनता के प्यार व समर्थन का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता बदलाव चाहती हैं क्योंकि इस बीजेपी सरकार ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया हैं नौजवान बेरोजगार हैं तो वही किसानों को दिन रात फसल बचाने के लिए जागना पड़ता हैं। पूर्व विधायक बब्बू ने कहा कि क्षत्रिय समाज को भरोषा दिलाते हुए कहा कि साथियों आप सबके द्वारा मिल रहे सम्मान को आपका यह भाई जिन्दगी भर नहीं भूलेगा आप सभी का सदा सम्मान बना रहेगा क्योंकि विधायक हम नहीं हमारी सम्मानीय जनता होगी। श्री ऐलान सिंह ने कहा कि 10 मार्च को जब परिणाम आयेगा तो उसमें सम्पूर्ण क्षत्रिय एवं सर्वसमाज की मेहनत आपको साफ नजर आएगी।

## देश के विकास के लिए जगदेव प्रसाद के विचार धाराओं पर काम करने की आवश्यकताः अरविन्द पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के कजगांव में भारत लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा जी का जयन्ती समारोह का आयोजन सरदार सेना संगठन के द्वारा किया गया! इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने समाज व देश के विकास के लिए तमाम कुरीतियों का सामना करते हुए देश में रहने वाले लोगों के विकास के लिए तमाम लड़ाईयां लड़ने का कार्य किया ये एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने रूस के महान मजदूरों के नेता लेनिन जो पूरे विश्व में प्रसिद्द है जिन्होंने भारत के शोषित वर्ग के खातिर अपनी जान न्योछावर कर दी। जिनके विचारो का आज भी लोहा माना जाता है बिहार में जन्मे बाबू जगदेव प्रसाद आज पूरे देश में भारत के लेनिन नाम से जाने जाते है तथा उन्होने गौतम बुद्ध की ज्ञान स्थली बोध गया के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहारी नामक ग्राम में हुआ था। इनका परिवार अत्यंत निर्धन था,इनके पिता प्रयाग नारायण कुशवाहा पेशे से प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक थे व इनकी माता रासकली पेशे से ग्रहणी थीद्यवे बचपन से ही ज्योतिबा फूले,पेरियार साहेब, डा.अंबेडकर और महामानववादी रामस्वरूप वर्मा आदि जैसे महामानवो के विचारो से प्रभावित थे। बाबू जगदेव बचपन से ही विद्रोही स्वभाव व समता के पक्षधर रहे थे। बचपन में बिना गलती के शिक्षक ने जगदेव के गाल पर जोरदार तमाचा दिया था,कुछ दिनों बाद वही शिक्षक कक्षा में पढ़ाने के समय सो रहा थाद्य जगदेव ने शिक्षक के गाल पर जोरदार तमाचा जड़ दिया,शिक्षक ने जब इसकी शिकायत प्रधानाचार्य से की तो जगदेव निडर होकर बोले 'गलती के लिए सजा सबको बराबर मिलनी चाहिए अब चाहे वो शिक्षक हो या छात्र जगदेव प्रसाद ने अपने पारवारिक हालातो से जूझते हुए उच्च शिक्षा पूरी की। उसके बाद वह पटना विश्वविद्यालय से अपनी स्नातक तथा परास्नातक की पढ़ाई पूरी की और वही उनकी मुलाकात चंद्रदेव प्रसाद वर्मा से हुई। चंद्रदेव जी ने उन्हें महामानवों के विचारो को पढ़ने के लिए प्रेरित किया।महामानवों के विचारो से प्रभावित होकर बाबू जगदेव जी राजनीतिक गतविधियों में भाग लेने लग गए और इसी दौरान वो सबसे पहले सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गये उस दौर में देश में जातिवाद का नशा चरम पर था देश में समांतिवाद व्यवस्था का विरोध करने का दुस्ससाहस मुश्किल हो कोई करता थाद्य किसानों की जमीन की फसल का पांच कट्ठा जमींदारों के हाथियों को चारा देना उस समय एक प्रथा सी बनी हुई थी, इस प्रथा को पंचकठिया प्रथा कहा जाता था। बाबू जगदेव ने अपने



साथियो के साथ मिलकर रणनीति बनाई और जब महावत हाथी को लेकर फसल चराने आया तो उसे मना कर दिया। महावत ने जब जबरदस्ती चराने की कोशिश की तो बाबू जगदेव ने अपने साथियो के साथ मिलकर महावत को सबक सिखा दिया और साथ ही भविष्य में दोबारा न आने की चेतावनी भी दी, इस घटना के बाद पंचकठिया प्रथा का अंत हो गयाद्यबिहार में उस समय समाजवादी आन्दोलन की बयार थी, लेकिन जे.पी. तथा लोहिया के बीच सद्धान्तिक मतभेद था. जब जे.पी. ने राम मनोहर लोहिया का साथ छोड़ दिया तब बिहार में जगदेव बाबू ने लोहिया का साथ दिया, उन्होंने सोशलिस्ट पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया। जगदेव प्रसाद और समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके इसको घर–घर पहुंचा दिया. जे.पी. मुख्यधारा की राजनीति से हटकर विनोबा भावे द्वारा संचालित भूदान आन्दोलन में शामिल हो गए. जे. पी. नाखून कटाकर क्रांतिकारी बने, वे हमेशा अगड़ी जातियों के समाजवादियों के हित–साधक रहे। भूदान आन्दोलन में जमींदारों का हृदय परिवर्तन कराकर जो जमीन प्राप्त की गयी वह पूर्णतया उसर और बंजर थी, उसे गरीब–गुरुबों में बाँट दिया गया था, लोगों ने खून–पसीना एक करके उसे खेती लायक बनायाद्य लोगों में खुशी का संचार हुआ लेकिन भू–सामंतो ने जमीन 'हड़प नीति' शुरू की और दलित–पिछड़ों की खूब मार–काट की गयी, अर्थात भूदान आन्दोलन से गरीबों का कोई भला नहीं हुआ। उनका जमकर शोषण हुआ और समाज में समरसता की जगह अलगाववाद का दौर शुरू हुआ. कर्पूरी ठाकुर ने विनोबा भावे की खुलकर आलोचना की और उनको 'हवाई महात्मा' कहा। 1967 में जगदेव बाबू ने संसोपा उम्मीदवार के रूप में कुर्था में जोरदार जीत दर्ज की । उनकी तथा कर्पूरी ठाकुर की सूझबूझ की वजह से पहली बार बिहार में गैर कांग्रेस सरकार का गठन किया गया। संसोपा पार्टी की नीतियों को लेकर जगदेव बाबू की लोहिया से अनबन हुई और 'कमाए धोती वाला और खाए टोपी वाला' की स्थिति को देखकर पार्टी छोड़ दी। 25 अगस्त 1967 को उन्होंने शोषित दल नाम से नयी पार्टी बनाई । बाबू जगदेव प्रसाद के पार्टी के नारे आज भी बहुत प्रचलित है बिहार में कांग्रेस की तानाशाही सरकार उनके नारों से लोगो में एक नया ही जोश उत्पन्न होता था एक जन नेता होने की वजह से बाबू जगदेव की जनसभाओं में लोगो का हुजूम उमड़ पड़ता था। बिहार की जनता इन्हें 'बिहार के लेनिन' के नाम से बुलाने लगी। इसी समय बिहार में कांग्रेस की तानाशाही सरकार के खिलाफ जे. पी. के नेतृत्व में विशाल छात्र आन्दोलन शुरू हुआ और राजनीति की एक नयी दिशा का सूत्रपात हुआ। लेकिन आन्दोलन का नेतृत्व गलत लोगों के हाथ में था, जगदेव बाबू ने छात्र आन्दोलन के इस स्वरुप को स्वीकृति नहीं दी। इससे दो कदम आगे बढ़कर वे इसे जन–आन्दोलन का रूप दे दिया तथा अपनी मांगो को लेकर पूरे बिहार में जन सभाएं करने लगे तथा उन्हें सफलता मिली इस अवसर पर मुन्ना लाल,राहूल मौर्य,अंकित पटेल,वृजेन्द्र पटेल,विपिन पटेल (मुलायम) विकास पटेल,सत्यम् पटेल,आमिर अन्सारी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## मोदी जी के आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल भाषण को पांचों विधानसभा में एलईडी लगाकर सुने लोग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल संबोधन सुनने के लिए जौनपुर में 5 विधानसभा क्षेत्रों में इंतजाम रहे। जौनपुर में 5 स्थानों पर वर्चुअल रैली की व्यवस्था में बड़ी–बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। इसके अलावा मोबाइल, लैपटाप पर और टीवी पर भी वर्चुअल प्रसारण का संबोधन सुना। हर विधानसभा क्षेत्र में पांच सौ लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधन दिया। उनके बाद प्रधानमंत्री ने अपना उद्बोधन शुरू किया तो भाजपाइयों ने जय–जय श्रीराम के उद्घोष लगाए। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सभी स्थानों पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता एकत्र होने शुरू हो गए थे और एलईडी लगाकर प्रधानमंत्री के संबोधन के प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री तमाम विषयों पर अपनी बात कहते नजर आए और नेता व कार्यकर्ता उनकी हर बात को ध्यान से सुनते हुए उत्साहित दिखे। हर विधानसभा क्षेत्र में एक एक स्थान पर सामूहिक रूप से वर्चुअल रैली को देखने का आयोजन किया गया। कुछ लोगों ने घरों व कार्यालयों में बैठकर भी प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली में संबोधन सुना। जहां हर विधानसभा क्षेत्र में एक एक स्थान पर सामूहिक रूप से वर्चुअल रैली को देखने का आयोजन किया गया था तो वही कार्यक्रम के लिंक भी भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों तथा अन्य लोगों के बीच बांट दिया गया था जिससे लोगों ने अपने घरों और कार्यालयों में बैठकर भी प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली में भाग लिया। जौनपुर सदर विधानसभा में राज्य मन्त्री एवं प्रत्याशी गिरीश चंद यादव, जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह के साथ लगभग पांच सौ लोग जय किसान इण्टर कालेज सरायख्वाजा में,





शाहगंज विधानसभा में जिला महामंत्री सुनील तिवारी और जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह के साथ ग्रामीण इण्टर कालेज पटैला में पांच सौ लोग, बदलापुर विधानसभा में विधायक एवं प्रत्याशी रमेश चन्द्र मिश्र के साथ सल्तनत बहादुर इण्टर कालेज बदलापुर में पांच सौ लोग, मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में जिला महामंत्री सुशील मिश्र के साथ राज इण्टर कालेज मुंगराबादशाहपुर में पांच सौ लोग और मल्हनी विधानसभा में जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता के साथ शिव मन्दिर सवंसा में पांच सौ लोग वहां पर लगाई गई एलईडी पर प्रधानमंत्री का भाषण लोग सुन रहे थे। उक्त अवसर पर विधायक, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष गण, मण्डल पदाधिकारी, प्रकोष्ठ एव विभाग के जिला पदाधिकारी एव मण्डल पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति की टीम को कुलपति ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय मिशन शक्ति की टीम को बुधवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सम्मानित किया। प्रो. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय मिशन शक्ति की



महिला टीम बहुत ऊर्जावान है। लगातार शासन से जो भी कार्यक्रम आ रहे हैं उसका क्रियान्वयन पूर्ण रूप से किया जा रहा है। अभी तक मिशन शक्ति के द्वारा जो भी कार्यक्रम हुए हैं उनका भव्य आयोजन रहा है। मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि इस सम्मान से हमारे टीम का हौसला और भी बुलंद हुआ है। कुलपति मैम का प्रोत्साहन ही हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, बबिता सिंह डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. वनिता सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ. पूजा सक्सेना, करुणा निराला डॉ. विनय वर्मा आदि शामिल थे।

## रोडवेज बस व कार की टक्कर में पति–पत्नी की मौत : दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जौनपुर आजमगढ़ बाईपास मार्ग पर गौरा डिहवा गांव के पास बुधवार शाम उस समय अफरा तफरी ओर चीख–पुकार मच गई जब कार और रोडवेज बस की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार पति–पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिवार के दो सदस्य घायल हो गए हैं। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार सड़क से उछलकर डिवाइडर पर जा गिरी घटना में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। कार में सवार सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बदलापुर पड़ाव के रहने वाले सुरेंद्र मिश्रा 62 वर्ष पुत्र राम प्यारे मिश्र अपनी पत्नी मीरा 60 वर्ष बेटे कुश 26 वर्ष और साले की अर्चना उपाध्याय55 वर्ष पत्नी स्वर्गीय



प्रमोद उपाध्याय निवासी बक्शा के साथ कार से आजमगढ़ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।कि तभी ये दर्दनाक हादसा हो गया। स्थानीय लोगो के अनुसार जौनपुर–आजमगढ़ बाईपास मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से बैरियर लगा होने के कारण वह अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन पर गाड़ी चला रहे थे। इसी दौरान आजमगढ़ से जौनपुर की तरफ आ रही तेजरफ्तार सिविल लाइन डिपो की बस से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते देख मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए लोगों ने किसी तरह से कार से सभी को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक कार सवार पति–पत्नी की मौत हो गई थी। घटना में गाड़ी चला रहे सुरेंद्र मिश्र और पीछे की सीट पर दाहिने तरफ बैठी उनकी पत्नी मीरा मिश्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी साइड में आगे की सीट पर बैठे कुछ मिश्रा और मामी अर्चना उपाध्याय बुरी तरह से घायल हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अवध नाथ यादव और चौकी प्रभारी आशीष कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटे हुए हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। शव को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है ।घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## डॉ अंजना ने ली शाखा प्रबंधक की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड (काशी क्षेत्र) की निदेशक डॉ अंजना श्रीवास्तव ने समस्त मंडल प्रबंधक / बैंक मैनेजर की बैठक नगर के पालीटेक्निक स्थित एक होटल में लिया जिसमें उन्होंने समस्त शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि



वह अपने अपने शाखा द्वारा जारी किये गये लोन तथा आय व व्यय समय से प्रस्तुत करें साथ ही यह भी निर्देश दिया कि भारत सरकार द्वारा निर्देशित किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए तथा किसानों को शीघ्र ही बैंक द्वारा लोन प्रदान किया जाए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसानों का अहित सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी और अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करेगी इस दौरान छेत्रीय प्रबंधक रामकुमार व सीनियर मैनेजर जौनपुर कौशल कुमार सहित कई शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल, निष्पक्ष, एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य तथा निर्वाचन सम्बन्धित विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु जनपद के रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, समस्त प्रभारी अधिकारियों संग बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारियो से प्रेक्षक व्यवस्था, आचार संहिता अनुपालन, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथ की जानकारी, नामांकन एवं मतगणना में टेन्ट व्यवस्था, नामांकन पूर्वाभ्यास, पार्टी रवानगी की व्यवस्था, वाहन व्यवस्था आदि मानिटरिंग टीम के गठन एवं उनके कार्यो के पर्यवेक्षण की जानकारी, डाक मतपत्र/वेबकास्टिंग तथा सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, निर्वाचन व्यय लेखा, निर्वाचन लेखन समाग्री/प्रपत्र व्यवस्था, खान पान व्यवस्था, स्वीप, दिव्यांग मतदाताओं से सम्बन्धित व्यवस्था, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, विद्युत प्रकाश, पेय जल, साफ–सफाई, दूरभाष व्यवस्था, सूचना प्राप्ति–प्रेषण तथा कोविड–19 हेल्प डेस्क व्यवस्था हेतु अब तक कराये गये कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को निर्देशित किया कि दो दिन के भीतर कैमरे की व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाये। सचल दस्ते की टीमों को संदिग्ध वाहनों की बारीकी से चेक करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शेष कार्य जो किये जाने है उसे अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियों को दिया। उन्हांने कहा कि समस्त कार्यो को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत आदेशो के अन्तर्गत नियमानुसार नियत तिथियों तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी का होगा। उन्होने मतदान केन्द्र पर विद्युत, साफ–सफाई, आने जाने वाले रास्ते की मरम्मत,



पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, रैंप, सीसीटीवी कैमरे लगाने, वेवकास्टिंग कराये जाने के लिए हर मतदान कक्ष में इलेक्ट्रिक बोर्ड जिसमें प्लग लग सके होना आवश्यक है। सम्बन्धित कार्य पूर्व में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया अन्यथा बाद में किसी भी विधानसभा में अगर किसी भी प्रकार की कमियां पायी गयी तथा भारत निर्वाचन आयोग के गाईड लाईन के विपरीत कार्य पाये गये तो सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी जिम्मेदार होते हुए दण्ड के पात्र होगे। सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी को समस्त वाहनो के रूट चार्ट, प्रस्तुत करने तथा इसके पूर्व स्थान व पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पार्टी रवानगी स्थल पर पेयजल, शौचालय की समुचित व्यवस्था रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि विगत विधानसभा चुनाव 2017 व लोकसभा चुनाव 2019 में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष रुप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके तथा किस कारण कम मतदान हुआ इसका कारण ज्ञात करते हुए समस्या दूर कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जाए। इसके लिए सभी विधानसभा से 25–25 कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित किया गया है। जहां पर चौपाल, चुनावी पाठशाला आयोजित कर बीएलओ, आंगनबाड़ी सहायिका, आशा, सुपरवाइजर, शिक्षक व शिक्षामित्र मतदाताओं को 07 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक करेंगे।

## भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जन जाति मोर्चा की बैठक राम नगरी के कई स्थानों पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गौड़ की उपस्थिति में संपन्न की गई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने जनता को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में हुए विकासशील कार्यों एवं उनकी योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों की चर्चा की और बताया कि बीजेपी सरकार ने गरीबों के लिए मकान एवं राशन की व्यवस्था भरपूर की है और उनके इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया गया है घर–घर राशन और गैस की व्यवस्था की गई है जो और किसी की सरकार बनने पर नहीं हुआ ।अनुसूचित जनजाति समाज एवं जनता पूरी तरह से भाजपा के कार्यों से विकास वाद नीतियों से प्रभावित है और आगामी विधानसभा चुनाव में तन मन धन से भारतीय जनता पार्टी का प्रचार और अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को पुनः विधायक बनाने के लिए संकल्प है और इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। जिसमें प्रदेश कार्यालय प्रभारी जितेंद्र गौड़



महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार गौड़, अयोध्या मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ ,देवकाली मंडल अध्यक्ष प्रमोद गौड़, करिअप्पा मंडल अध्यक्ष विकास गौड़ पूर्व मंडल अध्यक्ष देवनाथ गौड़ ,महानगर उपाध्यक्ष राम प्रसाद गौड़ ,राम शब्द गौड़ ,महानगर मंत्री प्रदीप गौड़ ,चंदन गौड़ राधेश्याम गौड़, जिला अध्यक्ष जमुना प्रसाद गौड़ आदि सम्मानित लोग उपस्थित थे।

## प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के लखनऊ महानगर के अध्यक्ष मुर्तुजा अली ने उत्तरी विधानसभा में की बैठक

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बिधानसभा चुनाव और उत्तरी विधानसभा के विस्तार को लेकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष जनाब मूर्तजा अली साहब ने नगर उपाध्यक्ष अमन मिश्रा और उत्तरी विधानसभा अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के साथ बैठ की जिसमे उत्तरी विधानसभा के क्षेत्र के लोगों से मुलाकात भी की गई और पार्टी के प्रति उनको जागरूक किया गया माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जी के आदेश के अनुसार संगठन के पदाधिकारियों को और क्षेत्र की जनता के बीच जाकर करके बताया गया है कि प्रत्याशी कोई भी हो चुनाव निशान साइकिल पर वोट डालना है क्षेत्र की जनता से अपील की गई है कि सभी लोग इस बार 2022 के चुनाव में साइकिल को वोट डालें और माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री



बनाएं इस मौके पर उतरी विधानसभा के राकेश मिश्रा, अमन मिश्रा, आजा मां मोहम्मद फिरोज शमीम सिद्दीकी अभय मिश्रा, देवेन्द्र शुक्ला, रमेश कुमार, दिलीप सिंह, अमन, आशुतोष तिवारी, साजिद अली आदि लोग मौजूद रहे।

## जौनपुर प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन ने किया शोक–सभा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जौनपुर प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन के संरक्षक उदित नारायण सिंह की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन के संगठन मंत्री मोहन शुक्ला की माताजी उम्र 86 वर्ष के आकस्मिक निधन पर शोक–सभा आहूत की गयी। संरक्षक उदित नारायण सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य माताजी का स्वभाव मृदुल एवं सादगीपूर्ण रहा उनका मातृत्व स्नेह एवं आशीर्वाद परिवार पर छाया की तरह रहता था एवं परिवार को हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहा। परिवार ने एक मातृत्व एवं मार्गदर्शक खो दिया जिसकी पूर्ति परिवार में होना असंभव है। संगठन के अध्यक्ष तीर्थराज गुप्त, महामंत्री राजेन्द्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शशिधर चौहान, संरक्षकगण सहित उपस्थित पदाधिकारीगण द्वारा देवलोकवासी आत्मा की शान्ति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किया। शोक सभा में रामपाल सिंह, सुरेन्द्र मोहन वर्मा, कवि जायसवाल, संतोष सिंह, संजय गुप्ता, राकेश सिंह, संजय साहू, मजहर खान, मसूद मेंहदी, इन्द्र नारायण सिंह 'इन्दू', जे0पी0 सिंह, मोहन शुक्ला, धर्मेन्द्र कुमार सिंह,



गोपेश उपाध्याय, गोपी उपाध्याय, राहुल प्रजापति, अनुपम राय, दीपक सिंह, मो0 आकिम, रिंकू मौर्य, अजय साहू, नरसिंह मौर्य, रुपेश गुप्ता सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिवसेना प्रत्याशी संतोष दूबे को हिंदूवादी संगठनों ने दिया अपना समर्थन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)अयोध्या विधानसभा चुनाव वर्ष 2022 के लिए राम नगरी अयोध्या से शिवसेना ने अपने प्रत्याशी के तौर पर बाबरी विध्वंस के आरोपी रहे संतोष दूबे को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनावी दिग्गजों, अन्य प्रत्याशियों, तथा बड़े दलों के चुनावी रणनीतिकारो, के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी है। ,विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष रामलाल जयसवाल के नाका स्थित आवास पर विभिन्न हिंदूवादी संगठन जिसमें प्रमुख रुप से हिंदू महासभा, धर्म सेना, शिवसेना, हिंदू योद्धा संगठन ,ब्राह्मण स्वाभिमान परिषद, हिंदू जनजागृति संगठन, क्षत्रिय महासभा, सहित अन्य संगठनों के जुड़े पदाधिकारियों की आहूत बैठक में संतोष दूबे को अपना समर्थन देकर उन्हें जिताने का संकल्प लिया गया, इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष रामलाल जायसवाल ने कहा कि अयोध्या विधानसभा के लिए संतोष दूबे जैसा योग्य प्रत्याशी को जिताने के लिए ना सिर्फ वैश्य समाज का बल्कि अन्य सभी वर्गों का व्यापक जनसमर्थन जिस तरह प्राप्त हो रहा है, उससे अयोध्या विधानसभा के परिणाम बेहद चौकाने वाले होंगे, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं 1992 की कार सेवा कर रहे अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि अयोध्या की पवित्र पावन भूमि भगवान श्री राम की नगरी है राम मंदिर के लिए अनेक बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, इसीलिए इस विधानसभा सीट पर संतोष दूबे जैसे असली राम भक्तों की ही आवश्यकता थी वहीं 1992 के कारसेवक रहे धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष रवि शंकर पांडे ने संतोष दुबे को शिवसेना द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर कहा कि शिवसेना अपने राम भक्त कारसेवकों को नहीं भूली धर्म सेना तन मन धन के साथ संतोष दुबे के पक्ष में प्रचार करेगी हिंदू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्र ने भी संतोष दुबे के प्रति अपना समर्थन व्यक्त हुए उन्हें जिताने के लिए संकल्प लिया समर्थन देने वाले प्रमुख लोगों में रामलाल जयसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, हिंदू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्र ब्राह्मण स्वाभिमान परिषद के अध्यक्ष राम सुमन मिश्रा गब्बर हिंदू जागृति समिति के अध्यक्ष महेश शुक्ला क्षत्रिय महासभा के महासचिव धर्मेंद्र सिंह, बृजेश दुबे शुभम दिनेश श्रीवास्तव सपना यादव शेषमणि पांडे विधि पूजन पांडे हीरामणि पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बीकापुर विधानसभा से बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक ने किया जनसंपर्क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सुनील पाठक ने अपने समर्थको के साथ जाकर जनसंपर्क किया।हमारे बीकापुर संवाददाता के मुताबिक जनसंपर्क के दौरान उन्होने क्षेत्र के लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया।इस मौके पर लोगों ने भारी उत्साह के साथ बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक का जगह–जगह स्वागत और समर्थन किया।जनसंपर्क के दौरान बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक ने कहा कि बसपा शासन में ही सर्व समाज के हित सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि जितना सम्मान ब्राह्मणों को बहन मायावती जी ने दिया उतना शायद ही किसी पार्टी ने दिया है। वही इसी कड़ी में उन्होने कहा कि अन्य पार्टियां ब्राह्मण के नाम पर राजनीति करती हैं पर सत्ता में आने के बाद ब्राह्मण को दरकिनार कर देती हैं।बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ही सर्व समाज को समान सम्मान देती है। बसपा शासन में कानून व्यवस्था मजबूत थी और रिकॉर्ड भर्तियां पारदर्शी तरीके से हुई।बीकापुर बसपा प्रत्याशी सुनील



पाठक ने बीकापुर विधानसभा के ग्राम अशोगी पुर, करेर, डेलुआ भारी, कलाफर पूर, सेठ का पुरवा, इस्माइल नगर सिहोरा, दोस्तपुर रघु ने जनसंपर्क किया।इस जनसंपर्क के दौरान पार्टी प्रत्याशी के साथ अंकित तिवारी, विकास तिवारी, अनिल पांडे, राजेश दुबे, रामनाथ भारती, विवेक दुबे, परविंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या विधानसभा भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)भारतीय जनता पार्टी के अयोध्या विधान सभा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के बीच महंत कमल नयन दास, विनय कटियार, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, ने फीता काट कर किया।इसके बाद पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी।इस उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल नयन दास ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।इस मौके पर पूर्व सांसद विनय कटियार ने कहा कि इस समय सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी में उत्साह का माहौल है। सभी को इसका लाभ बिना भेद भाव के मिला है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या सरकार की प्राथमिकताओं में है। यहां का अभूतपूर्व विकास योगी आदित्याथ के नेतृत्व में किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि सरकार दीनदयाल उपाध्याय के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की नीति को आत्मसात कर के सरकारी योजनाएं बनाई गई। तथा सभी पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ दिया गया। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार बनने के बाद अयोध्या को नगर निगम घोषित किया गया। तथा अयोध्या की महिमा तथा गरिमा के अनुसार यहां का विकास हो रहा है। दीपोत्सव जैसे अलौकिक कार्यक्रमों से यहां पर्यटन की सम्भावनाएं तथा उससे रोजगार सृजन हो रहा है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी पूरी शक्ति से चुनाव में जुटे है। योजनाबद्ध तरीके से जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं तथा विकास के बारे में लोगों से संवाद कर रहे है। चुनाव संयोजक डा बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता टोली बना कर डोर–टू–डोर जनसम्पर्क कर रहे। सरकार की नीतियों के बारे में जनता को अवगत करा रहे। पूर्व मंत्री अनिल तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री के मंत्र सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास से हम सबका विश्वास प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है।इस दौरान सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, अवधेश पाण्डेय बादल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पूरा बाजार शिवेन्द्र सिंह, शक्ति सिंह, आलोक सिंह रोहित, आदित्य मिश्र, डा. राकेश वशिष्ठ, विशम्भर सिंह, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, नंद कुमार सिंह, केशव बिगुलर, विशाल सिंह बाबा, रवि शर्मा बृजेन्द्र जायसवाल, अशोका द्विवेदी, आशा गौड़, स्मृता तिवारी, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, ध्रुव गोयल, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोविड प्रबंधन हेतु गठित टीम–09 को मुख्यमंत्री के दिशा–निर्देश

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। आज प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र का हर नागरिक कोविड टीके की पहली खुराक का कवच प्राप्त कर चुका है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। सभी स्वास्थ्यकर्मी, निगरानी समिति के सदस्य, जिला प्रशासन के अधिकारी और वह सभी जिन्होंने स्वेच्छा से अपना टीकाकरण कराया, बधाई के पात्र हैं। सभी का अभिनंदन। प्रदेश में अब तक 26 करोड़ 32 लाख से अधिक कोविड टीके का सुरक्षा कवच नागरिकों को प्रदान किया जा चुका है।70: से अधिक वयस्क टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 70द किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 28 फरवरी तक के लक्ष्य के सापेक्ष पात्र 64.08% से अधिक लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। अब किशोर वर्ग को टीके की दूसरी डोज देने का समय भी आ गया है, तदनुसार टीकाकरण अभियान में तेजी अपेक्षित है। प्रदेश में कोविड तीसरी लहर नियंत्रण में है। औसतन 02 लाख से ढाई लाख टेस्ट हर दिन किए जा रहे हैं और पॉजिटिविटी दर में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। 17 जनवरी के 01 लाख से अधिक एक्टिव केस के सापेक्ष आज 15 दिनों में 50: गिरावट हो चुकी है। वर्तमान में 41795 एक्टिव केस हैं। स्पष्ट है कि बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। यह संक्रमण वायरल फीवर की तरह है। अतः इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सभी एहतियात अवश्य बरते जाएं। विगत 24 घंटों में 02 लाख 30 हजार 856 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 5052 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 10398 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। यह अच्छे संकेत हैं। कोरोना की हार तय है। शिवरात्रि पर वाराणसी में लोग उत्साह और उमंग के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुचेंगे। इसको लेकर कोविड सम्बन्धी एहतियात को ध्यान में रखते हुये लाखों श्रद्धालु वाराणसी पहुचेंगे। ऐसे में जिला प्रशासन सभी की सुरक्षा–सुविधा का पूरा ध्यान रखे। महाशिवरात्रि को लेकर जिला प्रशासन समय से सभी तैयारियां पूरी कर ले। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से अस्पताल में उपचाराधीन कोविड पॉजिटिव लोगों के परिजनों से नियमित अंतराल पर संवाद किया जाए। होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे लोगों से संवाद कर उन्हें मेडिकल परामर्श, दवाएं आदि मुहैया कराई जाए।

## 17 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कई वर्ष पूर्व निर्मित आश्रम पद्धति विद्यालय का नहीं हो सका संचालन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय विधानसभा चुनाव 2022 में जिले के मिल्कीपुर क्षेत्र में लोगों का चुनावी मुद्दा जहां एक ओर टूटी सड़कें, छुट्टा जानवर और महंगाई बन रही है।वहीं इसी कड़ी में इस विधानसभा क्षेत्र में पूर्व की सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई कई परियोजनाएं जिनको भाजपा सरकार में पंख नहीं लग सके वह भी क्षेत्र के युवाओं सहित मतदाताओ का एक चुनावी मुद्दा होगा।विधानसभा चुनाव में अबकी बार मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र वासियों का चुनावी मुद्दा क्या होगा, इसको लेकर क्षेत्र के जागरूक एवं युवाओं का मन टटोला तब उनके मुंह से बेतहाशा बढ़ी महंगाई, छुट्टा जानवरों से फसलों की तबाही एवं विधानसभा क्षेत्र की टूटी एवं खस्ताहाल सड़कों के अलावा विगत की सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुगीशपुर में 17 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कई वर्ष पूर्व निर्मित होकर संचालन की प्रत्याशा में खड़ा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मिल्कीपुर क्षेत्र वासियों को मुंह चिढ़ा रहा है।इस संबंध में मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के ही अजरौली गांव निवासी युवा भूपेंद्र सिंह उर्फ ऊदल का कहना है कि कई शिक्षण सत्र बीत जाने के बावजूद भी यह तो विद्यालय का संचालन नहीं हो सका। समाज कल्याण विभाग की ओर से निर्मित कराए गए उक्त विद्यालय में बच्चों का दाखिला तो जरूर नहीं हुआ किंतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वैवाहिक अनुष्ठान स्थल के काम जरूर आया है।उन्होंने कहा कि इसके अलावा हैरिंग्टनगंज ब्लाक क्षेत्र के सिंधोरा गांव में भी करोड़ों की लागत से आईटीआई कॉलेज कई वर्ष पूर्व बनकर तैयार हो गया है और आज तक उसका संचालन नहीं हो सका



जो विधानसभा क्षेत्र वासियों का चुनावी मुद्दा जरूर होगा।वही मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के परसवां गांव निवासी विजय कुमार मिश्रा का कहना है शिक्षण संस्थानों के संचालन में राजनीतिक विद्वेष की भावना नहीं होनी चाहिए काश इसको दरकिनार कर में गांव में अर्ध निर्मित पड़ा राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण ना रोका गया होता तो क्षेत्र की बालिकाओं को प्राइवेट संस्थानों सहित दूर के विद्यालयों का मुंह देखना पड़ता और अब तक कितनों गरीबों के बच्चों का कल्याण जरूर होता।डीली गिरधर ग्राम पंचायत के प्रकाश का पुरवा निवासी श्री राम का कहना है कि हमारे क्षेत्र में तमाम अधूरे कार्य ऐसे पड़े हैं जो राजनीति की लड़ाई की बाली चल गए और क्षेत्र के विकास की कड़ी में उनका नाम भी जुड़ सका। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में यह सब मुद्दा जरूर बना हुआ है। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के ही हिसामुद्दीन पुर निवासी राम निहाल कोरी का कहना है कि इतना बड़ा संस्थान क्षेत्र में बनने के बावजूद भी संचालन न हो पाना बड़े शर्म की बात है। विकास को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तमाम अधूरी पड़ी परियोजनाएं अबकी बार के विधानसभा चुनाव में मुद्दा जरूर होंगी।

# अयोध्या विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी का बैठक के दौरान हुआ स्वागत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विधानसभा चुनाव को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक रिकाबगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर संपन्न हुई।इस बैठक में अयोध्या विधानसभा के कांग्रेस उम्मीदवार रीता मौर्य का स्वागत किया गया।इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा उम्मीदवार रीता मौर्या ने कहा शीर्ष नेतृत्व में जो विश्वास मेरे ऊपर किया है उस पर खरा उतरने का मैं प्रयास करूंगी अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा मौजूदा समय में सत्ताधारी दल की गलत नीतियों के कारण समाज का हर वर्ग दुखी है ऐसे समय में कांग्रेसियों को मजबूती से जनता के बीच जाना चाहिए और सरकार की नाकामियों तथा कांग्रेस के घोषणा पत्र के आधार पर जनता से वोट की अपील करनी चाहिए श्री कमल ने कहा महानगर कांग्रेसका मजबूत संगठन हर वार्ड में है जिसका लाभ हमें चुनावों में मिलेगा।एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा चुनाव में कई लोग टिकट मांगते हैं सब के समर्थक होते हैं लेकिन पार्टी का निर्णय होते ही सब को एकजुट होकर पार्टी कैंडिडेट शिरोधार्य करते हुए उसे बिजली बनाने में जुट जाना चाहिए।पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा ने पार्टी प्रत्याशी को सुझाव दिया कि संगठन के लोगों को एकजुट करके तथा विधानसभा को कई सेक्टरों में बांटकर मजबूत और मेहनती कार्यकर्ताओं के दम पर हम चुनाव में बेहतर ढंग से लड़ाई लड़ सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष श्रीनिवास शास्त्री ने किया।इस बैठक में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह शैलेंद्र मणि पांडे अजमल खलील जय मंगल दास सविता यादव उमेश उपाध्याय डीएन वर्मा रीता मौर्य गिरजेश सिंह रामकरण कोरी राम सागर मौर्य चंद्रपाल चतुर्वेदी उमेश फ्लावर नकवी राजकुमार गुप्ता घनश्याम साहू ज्योति श्रीवास्तव कुंवर अभ्युदय प्रताप सिंह अंकित जैन रविंद्र साहनी फिरोज अंसारी राजेश यादव सुशील यादव केसरी कुमार मिश्रा उमेश गौड़ इंद्रदेव पांडे सुरेश जी कामराज सिद्धकी चंचल सोनकर प्रवीण श्रीवास्तव ताज मोहम्मद शिवम पांडे आरएन शर्मा मोहम्मद आरिफ प्रेम कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।

# हाथी उतरी युवा चेहरों के साथ महा समर में

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)राम नगरी के सियासी महा समर में बसपा उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो गई है उम्मीदवारों के चयन में सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला भी प्रभावी दिख रहा है सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बसपा ने प्रत्याशियों की घोषणा की है, बहुजन समाज पार्टी ने अनुभवी एवं युवा चेहरों को चुनावी दुर्ग जीतने की जिम्मेदारी सौंपी है अयोध्या जिला बहुजन समाज पार्टी के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनने वाली बसपा ने जिले में 2 सीटों पर चुनाव जीत हासिल की थी जिसमें मिल्कीपुर और बीकापुर सीट शामिल थी इसके बाद वर्ष 2012 एवं 2017 के विधानसभा चुनाव में यहां से बसपा ने जीत भले ही ना प्राप्त की हो लेकिन मुख्य मुकाबला अवश्य नहीं बसपा की जीत दिलाने के लिए इस बार पार्टी को युवा ब्रिगेड भी पीछे नहीं है सेक्टर से लेकर बूथ स्तर पर लोगों को पार्टी से जोड़ने में युवा नेता पूरे दमखम में लगे हुए हैं इनके मार्गदर्शन के लिए वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों को लगाया गया है वहीं अयोध्या और गोसाईगंज में पिछड़ा कार्ड बसपा ने अयोध्या और गोसाईगंज में पिछड़ा कारण खेला है सपा ने अयोध्या से तेज नारायण पांडे और भाजपा ने वेद प्रकाश गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है वही इसे देखते हुए बसपा ने इस विधानसभा क्षेत्र से रवि प्रकाश मौर्या को अपना प्रत्याशी बनाकर पिछड़े वर्ग के युवा किरदार को आगे किया है वहीं गोसाईगंज सीट से भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी दोनों ने ही सवर्ण प्रत्याशी उतारे हैं ऐसे में बसपा ने यहां पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी के रूप में राम सागर वर्मा को मैदान में उतारा है यह सीट पिछड़ा बाहुल्य मानी जाती है रामसागर और बसपा का 20 वर्ष पुराना साथ है व्यापार से जुड़े राम सागर वर्मा राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी भी हैं वही बीकापुर से सुनील पाठक को आगे कर बीकापुर जीतने का नाम बहुजन समाज पार्टी ने लगाया है बीकापुर विधानसभा सीट से पार्टी ने सुनील पाठक को प्रत्याशी बनाया है सुनील पाठक के पास राजनैतिक का लंबा अनुभव है साकेत महाविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष सुनील पाठक के पास युवा समर्थकों की बड़ी है मिलनसार व्यक्तित्व के हर वर्ग में इनकी अच्छी पकड़ है प्रतिष्ठित शक्तिपीठ बड़ी देवकाली मंदिर के प्रबंधा से जुड़े होने की वजह से सुनील के साथ भावनात्मक लगाव भी माना जाता है कांग्रेश में भी सुनील ने लंबी पारी खेली त्यागपत्र देने के बाद वह बहुजन समाज पार्टी में आए और पार्टी ने उन्हें बीकापुर से प्रत्याशी भी बना दिया।

## जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हो रहे विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में विभिन्न पार्टियों की टिकट तय होते ही सारे उम्मीदवार एक्शन में आ गए सभी अपने अभियान को धार दाल बनाने के साथ दे वालों में भगवान से लेकर जनता जनार्दन तक के दरबार की चौखट नाप रहे हैं और उनके सम्मुख नतमस्तक हो रहे हैं शनिवार को टिकट की घोषणा के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी एवं वर्तमान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता युद्ध स्तर पर सक्रिय हुए बुधवार से भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों के साथ बैठक की और दूसरी बेला में रिकाबगंज तथा चौक सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया सबसे पहले सपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन का सपा से टिकट पक्का हुआ और इस नाते चुनावी अभियान में भी वह आगे बने हुए हैं हनुमानगढ़ी सहित अन्य दे वालों के दर्शन पूजन का उनका क्रम गत सप्ताह ही पूर्ण हो गया है और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकें और रणनीति तय कर के अब वह जनसंपर्क की मुहिम को धार दे रहे हैं कांग्रेस प्रत्याशी रीता मौर्या का टिकट रविवार को फाइनल हुआ और सोमवार को फतेही पति राम नरेश के साथ उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचकर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया बुधवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में पार्टी की महानगर इकाई एवं सहयोगी संगठनों के प्रमुखो की बैठक के साथ उनकी मुहिम परवान चढ़ती दिखी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश प्रताप सिंह कहते हैं हमारा अभियान दलगत ही नहीं दलगत भी है और यह सच्चाई लोगों के रुख से भी बयां होती है अब गीता मौर्य मत मांगती हुई महिलाओं से आत्मीय संवाद करती हैं और उन बच्चों को भी बुलाती है जो वोटर नहीं होते हैं वह हाल मतदाताओं से प्यार दुलार का समीकरण बसपा प्रत्याशी रवि प्रकाश मौर्या से भी परिभाषित होता है जनसंपर्क के क्रम में ग्राम कुशवाहा पहुंचे रवि मतदाताओं से मुखातिब हो इससे पूर्व कुछ युवा बसपा समर्थक उनके गले में माला डालकर अपनी भावनाओं का इजहार करते हैं।

# सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक अभय सिंह के खिलाफ आचार संहिता व कोविड प्रोटोकॉल के तहत मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के गोसाईगंज विधानसभा से सपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक अभय सिंह के साथ साथ 150 अज्ञात के खिलाफ बीकापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आचार संहिता व कोविड प्रोटोकॉल उल्लंघन के तहत उनके ऊपर मुकदमा दर्ज हुआ है।सूत्र के मुताबिक कोतवाली बीकापुर में यह मुकदमा दर्ज हुआ।मालूम हो कि कल बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ही रामनगर में बवाल हुआ था।तो वहीं समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार व पूर्व विधायक अभय सिंह ने प्रशासन पर सत्ता पक्ष के पक्षधर होने का आरोप लगाया है कि उनके द्वारा प्रचार को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।इस मौके पर उन्होने कहा कि इस समय जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों को प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है।वहीं उन्होने भाजपा प्रत्याशी व उनके समर्थकों पर आरोप लगाया है कि उनके लोगों के द्वारा



हमारी वाहनों पर कल रात्रि हमला किया गया था।पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है हमें प्रचार और मीटिंग को को करने पर अवरोध उत्पन्न किए जा रहे हैं मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं।हमारे वाहनों को रोका जा रहा है।उनके साथ प्रशासन के अधिकारी भी प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं।

# चार दिवसीय कम्बल वितरण अभियान का हुआ समापन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)जिले के थाना कैंट क्षेत्र स्थित सदर बाजार में जीव दया के लिए सम्पूर्ण भारत में काम करने वाली समस्त महाजन द्वारा चार दिवसीय कम्बल वितरण अभियान का समापन किया गया। पूरे अभियान के दौरान गरीबों को दो हजार कम्बल का वितरण किया गया। संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा अयोध्या में बंदरों को दस स्थानों पर केला, मूंगफली व लैया भी खिलाया गया। मंगलवार की शाम अयोध्या नयाघाट पर मौनी अमावस्या पर 501 दीपक प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन मिश्रा ने कहा कि हर समर्थ्यवान व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने सम्पर्क में आने वाले गरीबों की यथा सम्भव मद्द करे। समाजिक समानता तभी आ सकती है जब प्रयास सामूहिक हो। केवल सरकारी योजनाएं ही गरीबों का सम्पूर्ण उत्थान नहीं कर सकती है। इसमें अगर पूरे समाज का सहयोग भी समाहित हो तो इसे काफी सम्बल मिल जाता है। विशिष्ट अतिथि कैंटोमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष राममिलन निषाद ने कहा कि आयोजन के दौरान बड़े पैमाने पर सदर बाजार व आसपास के गरीबों को कम्बल वितरण किया गया। इस तरह के अभियान समय समय पर चलते रहने चाहिए। विशिष्ट अतिथि अमित मिश्रा ने बताया कि अयोध्या के कई दर्जन स्थानों पर सामूहिक रुप से अयोध्या में कम्बलों का वितरण किया गया। पूरे अभियान के दौरान संस्था के 50 वालंटियर लगाये गये थे। संस्था के सदस्यों ने रात में भ्रमण करते हुए जरुरतमंदों को कम्बल दिया गया। समस्त महाजन के स्थानीय प्रतिनिधि प्रवीण दूबे ने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि में काम कर रहे एलएनटी के श्रमिको को भी 200 कम्बल तथा सुरक्षा में तैनात सुरक्षाबलों को 130 का वितरण किया गया।

# अयोध्या के कांग्रेस प्रत्याशी पर भड़के अयोध्या के संत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या के कांग्रेस प्रत्याशी पर अयोध्या के संत भड़क उठे है।सूत्र के मुताबिक संतों ने लगाया कांग्रेसी प्रत्याशी पर गंभीर आरोप लगाये है।संतो के मुताबिक ईसाई मशीनरी के लिए कांग्रेस प्रत्याशी रीता मौर्या काम करती है। इनके घर पर प्रार्थना सभा लगती है।यह दावा हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने किया।उन्होने आरोप लगाया कि वे गरीबो और मजलूम लोगों को बहला–फुसलाकर ईसाई धर्म में परिवर्तन कराती है।उनके मुताबिक वे धर्म परिवर्तन का चला रही है।संतो ने कांग्रेस पर बोला हमला बोलते हुये कहा कि पूरे प्रदेश में सनातन धर्म के विरोधियों को ही कांग्रेस ने टिकट दिया है। यह बात सनातन धर्मावलंबियों को समझना चाहिए। सनातन धर्म का सबसे बड़ा शत्रु कोई है तो वह कांग्रेस है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।